सूर्यास्त (आज) 16.59 बजे

सूर्योदय (कल) 06.14 बजे

तिथि–अष्टमी रात्रि 02.26 पर्यंत, उपरांत नवमी. पक्ष– कृष्ण. मास–पौष. विक्रम संवत–2070. शक संवत–1935. हिजरी तारीख–21. महीना–सफर. वर्ष–1435. नानकशाही दिनांक–11, महीना–पोह. वर्ष–545. बांग्ला –1420, ता–10.




**सूर्योदयकालीन नक्षत्र**

उत्तरा फाल्गुनी दिवा 02.07 पर्यंत, उपरांत. हस्त योग.

**आकाशीय ग्रह स्थिति**

चंद्रमा कन्या राशि में विराजमान है.

**कब करें खरीदारी**

प्रातः 07.00 बजे से संध्या 06.00 बजे पर्यंत.

**शुभाशुभ ज्ञानम्**

शुभ अंक–05, 09, 01

शुभ रंग – लाल गुलाबी, पीला

**दिशाशूल**

उत्तर व ईशान (उ पू) दिशा की यात्रा वर्जित है, आवश्यक हो, तो धनिया ग्रहण कर यात्रा करें.

**राहुकाल**

दिवा 12.00 से 01.30 बजे पर्यंत

**चौघड़िया मुहूर्त**

लाभ : 6.47 से 8.17 बजे पर्यंत. अमृत : 8.18 से 9.48 बजे पर्यंत. शुभ : 11.20 से 12.50 बजे पर्यंत, चर : 03.53 से 05.23 बजे पर्यंत.

**आज जन्मे बच्चों के नाम**

| नक्षत्र | चरण | राशि | नामक्षर |
|---|---|---|---|
| उफाल्गुनी | 3 | सिंह | पा |
| उफाल्गुनी | 4 | सिंह | पी |
| हस्त | 1 | सिंह | पू |
| हस्त | 2 | सिंह | ष |

# छात्रों की शारीरिक स्वस्थता जरूरी



विजेता छात्रों को पुरस्कृत करती शिक्षिका.

## डीपीएस में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव आयोजित

### विजयी प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को मिले पौधे

### प्रकृति के साथ संतुलन बनाये रखने का संदेश

**संवाददाता , आसनसोल**

दिल्ली पब्लिक स्कूल का वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मंगलवार को मना.

उप प्रधानाध्यापिका बिदिशा चटर्जी ने कहा कि स्कूल का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है. बच्चे कल के भविष्य है. मानसिक स्वस्थता तभी बनी रहेगी, जब बच्चे शारीरिक रूप से मजबूत होंगे. इसलिए शिक्षा के पाठ्यक्रम में खेलकूद का शामिल होना काफी अनिवार्य है.

पहले छात्र- छात्राओं ने मार्च पास्ट किया. स्कूल के छोटे- छोटे बच्चों ने सांताक्लोज के वेश में नृत्य प्रस्तुत किया. प्रशिक्षक के संरक्षण में बच्चों ने कराटे प्रस्तुत किया. रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. जूनियर ग्रुप के लिए आलू प्रतियोगिता, छात्राओं के लिए रस्सीकूद, गोली- चम्मच प्रतियोगिता तथा छात्रों के लिए सौ मीटर दौड़, रिले दौड़ प्रतियोगिता आदि स्पर्धा आयोजित हुई. बच्चों के साथ-साथ अभिभावक ने भी उत्साह दिखाया. विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को उप प्रधानाध्यापिका ने पुरस्कत किया. पुरस्कार के रूप में बच्चों को पौधा लगा गमला प्रदान किये गये. इसका मुख्य उद्देश्य प्रकृति का संतुलन बचाये रखने के लिए बच्चों को जागरूक करना है.